रहुआ धर्मपुर के समीप नदी से शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

रोसड़ा (आससे)। रोसड़ा थाना क्षेत्र के रहुआ धर्मपुर स्थित बूढ़ी गंडक नदी से एक अज्ञात युवक का शव बरामद की गयी है। कानों कान इसकी जानकारी मिलते हीं नदी किनारे लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। बताया जाता है कि रविवार की सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने शव को नदी के पानी में उपलाते देखा। स्थानीय लोगों ने तत्क्षण इसकी सूचना रोसड़ा पुलिस को दी। सूचना पाकर दलबल के साथ पहुंचे एसआई दीप नारायण सिंह और राजू सिंह ने शव के स्थिति का जायजा लिया। इसके पश्चात पुलिस ने नाविकों एवं स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकाला और कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम हेतु समस्तीपुर भेज दिया है। समाचार प्रेषण तक मृतक की पहचान नहीं हो सका था। पुलिस आसपास के थानों और स्थानीय लोगों की मदद से शव को शिनाख्त कराने और घटना के कारणों का पता लगाने में जुटी है।



इंदौर में करंट से प्रवासी मजदूर की मौत

मोहिउद्दीननगर (समस्तीपुर) (आससे)। मध्य प्रदेश के इंदौर में करंट लगने से महमद्दीपुर पंचायत के मरगंगपार गांव निवासी मो. शिवराज के पुत्र मो. मुशर्रफ उर्फ गोपाल की मौत हो गई। वे वहां मजदूरी करते थे। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा है। सूचना पर विधायक प्रतिनिधि रविश कुमार सिंह ने परिजनों से मिलकर सांत्वना दी तथा श्रम अधीक्षक से बात कर प्रवासी मजदूर योजना के तहत चार लाख रुपये की सहायता राशि दिलाने की पहल की।

नामजद अभियुक्त को न्यायिक हिरासत भेजा

खानपुर /समस्तीपुर (आससे)। बीती रात खानपुर थानापुलिस द्वारा थाना कांड संख्या 243/26 के मुख्य आरोपी के सहयोगी नामजद अभियुक्त सौरभ कुमार उर्फ़ सुगरी पेसर रामाशीष शर्मा साकिन मसीना थाना खानपुर जिला समस्तीपुर को गिरफ्त में ले न्यायिक हिरासत में भेजा की पुस्टि थानाध्यक्ष शिवपुजन कुमार ने की हैं।

ऑन स्पॉट बारह मामलों का निष्पादन

खानपुर /समस्तीपुर (आससे)। खानपुर प्रखंड सह अंचल मुख्यालय सभागार मे थाना के पुलिस पदाधिकारी अनिलकुमार सिंह एसआई की उपस्थिति एवं राजस्व अधिकारी ऋषिकुमार की अध्यक्षता में जनता दरबार आयोजित हुयी जिसमे लंबित 41 प्राप्त नया आवेदन 2 कुल 43 मेसे 6 मामलो का ऑन स्पॉट निष्पादन करते हुए शेष 31 पर नोटिस निर्गत किया गया। इस अवसर पर थानाक्षेत्र से आये फरियादि अंचल कर्मी अवनिस कुमार आदि उपस्थित रहें हैं।

राष्ट्रीय एकता का संदेश देने के लिए एकता परेड का लाइव प्रसारण

जाले (दरभंगा) (आससे)। राष्ट्रीय एकता दिवस पर शनिवार को गुजरात के एकता नगर में आयोजित एकता परेड-2026 का लाइव प्रसारण कमतौल थाना परिसर में छात्र-छात्राओं को दिखाया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। बच्चों को देश की एकता अखंडता और आपसी भाईचारे का महत्व बताया गया। इस मौके पर वरीय पुलिस उपाधीक्षक शुभेन्द्र कुमार सुमन, प्रभारी थानाध्यक्ष सौरभ कुमार, एसआई नीरज कुमार, मुन्ना कुमार, धर्मेंद्र कुमार, सुभाष प्रसाद, जयप्रकाश साह, जनार्दन पासवान सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे। पुलिस पदाधिकारियों ने बच्चों को आपसी सद्भाव और भाईचारे के साथ रहने का संदेश दिया।

महासेठी तालाब में चला स्वच्छता का महाअभियान

तालाब के साथ छठ घाट की भी हुई सफाई

मधुबनी (आससे)। जिला गंगा समिति नमामि गंगे अंतर्गत चल रहे विशेष अभियान विशेष अभियान 6.0 के तहत आज नगर निगम, मधुबनी द्वारा महासेठी तालाब में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान तालाब में स्थित जलकुंभी एवं अन्य कूड़ा-कचरा को निकालकर साफ-सफाई की गई। साथ ही आगामी छठ पर्व के मद्देनजर छठ घाट की भी साफ-सफाई की गई, ताकि श्रद्धालुओं को पर्व के दौरान स्वच्छ एवं साफ-सुथरा घाट उपलब्ध हो सके। इस स्वच्छता अभियान में सफाईकर्मियों एवं स्वच्छता साथियों के साथ उपस्थित आम लोगों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी ने सामूहिक श्रमदान कर तालाब एवं छठ घाट की स्वच्छता में अपना योगदान दिया। इस अवसर पर डीपीओ नमामि गंगे आनंद अंकित ने कहा कि जलस्रोतों की स्वच्छता एवं संरक्षण के साथ-साथ पर्व-त्योहारों के अवसर पर घाटों की साफ-सफाई भी महत्वपूर्ण है। जलस्रोतों को स्वच्छ एवं प्रदूषणमुक्त बनाए रखने के लिए जनभागीदारी जरूरी है। उन्होंने आम लोगों से स्वच्छता अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।वहीं, नगर निगम, मधुबनी के स्वच्छता पदाधिकारी अमिताभ गुंजन ने कहा कि विशेष अभियान 6.0 के तहत शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं जलस्रोतों की साफ-सफाई कराई जा रही है। छठ पर्व को देखते हुए घाटों की स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को स्वच्छ वातावरण मिल सके। अभियान में नगर निगम के सफाईकर्मी, स्वच्छता साथी अविनाश चौधरी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।



बेल्ट्रॉन कर्मियों ने राज्यकर्मी का दर्ज़ा देने की मांग को लेकर सरकार के विरोध में किया प्रदर्शन

समस्तीपुर (आससे)। बिहार राज्य डाटा इन्टी ऑपरेटर संयुक्त मोर्चा के द्वारा रविवार को अराजपत्रित कर्मचारी संघ भवन समस्तीपुर से पुरानी बस स्टैंड समस्तीपुर तक रोड मार्च का आयोजन किया गया। इस रोड मार्च में सभी जिला मुख्यालय स्तर,अनुमंडल,प्रखंड,अंचल,पंचायत एवं विभिन्न कार्यालयों से हजारों की संख्या में बेल्ट्रॉन के माध्यम से नियोजित विभिन्न कोटि के कर्मी शामिल हुए। इस रोड मार्च में महिलाओं की भी काफी बड़ी संख्या रही।वर्तमान में बेल्ट्रॉन के माध्यम से नियोजित विभिन्न कोटि के कर्मियों तथा- डाटा एंट्री ऑपरेटर, प्रोग्रामर, स्टेनोग्राफर एवं आईटी ब्यॉय / गर्ल जो लगातार 29 वर्षों (तीन दशको) से अधिक समय अवधि से पुरे बिहार में लगभग 20 हजार की संख्या में कार्यरत हैं। उक्त रोड मार्च में उपस्थित कर्मियों द्वारा राज्य सरकार के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए अविलंब राज्यकर्मी का दर्जा एवं सूचना प्रावैधिकी विभाग को नोडल विभाग घोषित करने की माँग की गयी। सरकार से अनुरोध किया गया कि जल्द से जल्द हमारी मांगों को लिखित आदेश के रुप में दिया जाए। रोड मार्च को संबोधित करते हुए संयुक्त मोर्चा के सभी डाटा एंट्री ऑपरेटर, प्रोग्रामर, स्टेनोग्राफर एवं आईटी ब्यॉय,गर्ल कर्मियों के द्वारा जायज मांगों को लेकर राज्य सरकार से यथाशीघ्र लागू करने की माँग की गयी।

भाजपा के 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री भूपेंन्द्र यादव होंगे मुख्य अतिथि

पोलो मैदान से जीएन गंज चौक तक निकलेगी पदयात्रा, पूर्वी-पश्चिमी जिला के कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक में बनी रणनीति

दरभंगा (आससे)। 5 नवंबर को पोलो मैदान धरना स्थल पर आयोजित भाजपा के 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' कार्यक्रम की तैयारी को लेकर जिला अतिथि गृह में भाजपा दरभंगा पूर्वी एवं पश्चिमी जिला के कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने के साथ कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं।



भाजपा पश्चिमी जिलाध्यक्ष प्रो. आदित्य नारायण मन्ना ने बताया कि कार्यक्रम में केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम के बाद पोलो मैदान से जीएन गंज चौक तक पदयात्रा निकाली जाएगी। इसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, बिहार सरकार के मंत्री, सांसद, विधायक, विधान पार्षद एवं हजारों कार्यकर्ता भाग लेंगे।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि कार्यक्रम संगठन की एकजुटता और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने का अवसर है। उन्होंने पूर्वी एवं पश्चिमी जिला के कार्यकर्ताओं से समन्वय और जिम्मेदारी के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया।

प्रदेश उपाध्यक्ष पवन जायसवाल ने मंडल एवं मोर्चा-प्रकोष्ठों के कार्यकर्ताओं से व्यापक तैयारी करने की अपील की। मंत्री रामचंद्र प्रसाद और सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर ने भी कार्यकर्ताओं से अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया।बैठक में पूर्व मंत्री हरि सहनी, विधायक डॉ. मुरारी मोहन झा, पूर्व विधायक अमरनाथ गामी, पूर्वी जिलाध्यक्ष विनय पासवान सहित दोनों जिलों के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं विभिन्न मोर्चों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

राजस्व न्यायालय में दो भूमि विवादों का निष्पादन

जाले (दरभंगा) (आससे)। जाले अंचल मुख्यालय स्थित राजस्व न्यायालय में शनिवार को भूमि विवाद से जुड़े दो मामलों की सुनवाई हुई। आरओ प्रवीण कुमार कर्ण ने दोनों पक्षों की उपस्थिति में मामले की सुनवाई करते हुए दोनों का निष्पादन किया। निष्पादित मामलों में जाले और दोघरा गांव का एक-एक मामला शामिल है।

नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप

जाले (दरभंगा) (आससे)। जाले थाना क्षेत्र के एक गांव से एक नाबालिग लड़की के अपहरण किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में अपहृता के पिता ने जाले थाना क्षेत्र के समाधिनियां वार्ड 11 निवासी विजय मलिक,इनकी मां एवं बहन आरती कुमारी,भाई करन मलिक सहित राकेश यादव की पुत्री भारती कुमारी के विरुद्ध जाले थाना में अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराया है। आवेदन में बताया गया है कि बीते 24 अक्टूबर 2026 की शाम करीब सात बजे उनकी बेटी घर से बाहर गई थी। करीब एक घंटे बाद भी जब वह वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। काफी तलाश करने के बाद भी बेटी का कोई सुराग नहीं मिलने पर परिजनों को आशंका हुई कि उक्त सभी नामजदों ने इनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस मामले की तहकीकात में जुट गई है।

नेहरू स्टेडियम में राज्यस्तरीय बालिका बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ

अंडर-14, 17 एवं 19 आयु वर्ग में प्रमंडलीय टीमों के बीच मुकाबला, खिलाड़ियों को दिलाई गई नशामुक्ति की शपथ

दरभंगा (आससे)। लहेरियासराय स्थित नेहरू स्टेडियम में रविवार को राज्यस्तरीय अंतर प्रमंडल बालिका बैडमिंटन प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 आयु वर्ग की इस प्रतियोगिता का उद्घाटन ओएसडी सह पीजीआरओ राजेश कुमार गुप्ता, अपर समाहर्ता सलीम अख्तर, सहायक आयुक्त मद्य निषेध प्रदीप कुमार एवं जिला खेल पदाधिकारी चंदन कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों ने आकर्षक मार्च पास्ट कर अतिथियों को सलामी दी। जिला खेल पदाधिकारी ने खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा कि दरभंगा को राज्यस्तरीय बालिका बैडमिंटन प्रतियोगिता की मेजबानी का अवसर मिला है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यहां से भी पीवी सिंधु और साइना नेहवाल जैसी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी उभरेंगी। राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। वहीं सलीम अख्तर ने खिलाड़ियों से अनुशासन एवं खेल भावना के साथ खेलने की अपील की। प्रदीप कुमार ने खिलाड़ियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाते हुए खेल एवं शिक्षा से जुड़ने का संदेश दिया। समाचार लिखे जाने तक तीनों आयु वर्गों के सेमीफाइनल मुकाबले जारी थे। अंडर-14 में दरभंगा एवं तिरहुत, अंडर-17 में मगध एवं बिहार एकलव्य तथा अंडर-19 में पटना एवं दरभंगा की टीमें मुकाबले में थीं। खिलाड़ियों की सुरक्षा के लिए चिकित्सा टीम भी तैनात रही। आयोजन में खेल अधिकारियों, प्रशिक्षकों एवं शिक्षकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



एचआरएमएस के तहत हो रही है शिक्षकों के वेतन भत्ते की जांच

500 से अधिक शोध पत्रों के साथ भूगोलवेत्ता संघ का दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न

दरभंगा (आससे)। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर भूगोल विभाग के तत्वावधान में आईसीएसएसआर, नई दिल्ली के सौजन्य से आयोजित बिहार-झारखंड भूगोलवेत्ता संघ का दो दिवसीय सम्मेलन सह राष्ट्रीय संगोष्ठी शनिवार को संपन्न हो गया। विश्वविद्यालय के जुबिली हॉल में आयोजित समापन समारोह की अध्यक्षता संघ के संरक्षक प्रो. राणा प्रताप सिंह ने की। मुख्य अतिथि यूजीसी के पूर्व संयुक्त सचिव डॉ. जीएस चौहान थे। सम्मेलन में 15 से अधिक राज्यों के 500 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर नई कार्यकारिणी का गठन हुआ, जिसमें प्रो. राम प्रवेश यादव को संघ का नया अध्यक्ष चुना गया। वर्ष 2027 में 28वां अधिवेशन मगध विश्वविद्यालय, गया में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसके संयोजक प्रो. वासुदेव प्रसाद सिंह होंगे।युवा शोधार्थियों को गोन्तिया यंग ज्योग्राफर्स अवार्ड एवं डॉ. विद्यासागर इमर्जिंग ज्योग्राफर्स अवार्ड से सम्मानित किया गया।इससे पूर्व आयोजित पैनल चर्चा में विशेषज्ञों ने मखाना की खेती, जलाशय आधारित कृषि, मछली पालन, जलवायु परिवर्तन और स्मार्ट खेती की संभावनाओं पर विचार रखे। वक्ताओं ने जैविक खेती एवं उर्वरकों के संतुलित उपयोग पर जोर दिया। समापन समारोह में अतिथियों को मिथिला की पारंपरिक पाग, चादर एवं मिथिला पेंटिंग भेंटकर सम्मानित किया गया। संचालन प्रो. मनोज कुमार सिन्हा तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अनुरंजन ने किया।



चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा स्थापना को लेकर बैठक आयोजित

मोहिउद्दीननगर (समस्तीपुर) (आससे)। भारत रत्न एवं पूर प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा स्थापना की पहल तेज हो गई है। उच्च माध्यमिक विद्यालय कुरसाहा परिसर में चरण लोहिया किसान सेवा समिति, समस्तीपुर के तत्वावधान में किसान सभा एवं जनप्रतिनिधियों की बैठक हुई।

अध्यक्षता अधिवक्ता सदानंद राय ने की, जबकि संचालन प्रो. सुभाष सिंह सुमन ने किया। बैठक में प्रतिमा स्थापना के लिए स्थल चयन,निर्माण,अनावरण समारोह एवं कोष संग्रह पर चर्चा हुई।


समिति अध्यक्ष दिनकर प्रसाद यादव ने कहा कि चौधरी चरण सिंह का जीवन किसानों के अधिकार और सम्मान के लिए समर्पित था। उनकी प्रतिमा नई पीढ़ी को उनके विचारों से परिचित कराएगी।

मौके पर उमाशंकर सिंह, डॉ. निगहवान खान, वीरेन्द्र राम, महंत शिवजी दास, अमरेन्द्र कुमार यादव, रामानंद राय एवं अशोक राय सहित कई लोग मौजूद थे।

खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय के सचिव ने लिया मखाना उद्योग का जायजा

किसानों और उद्यमियों से किया संवाद राष्ट्रीय मखाना अनुसंधान केंद्र सहित बेला और दोनार की प्रसंस्करण इकाइयों का किया निरीक्षण

दरभंगा (आससे)। भारत सरकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के सचिव अविनाश जोशी ने रविवार को दरभंगा का एक दिवसीय दौरा कर जिले में मखाना उत्पादन, अनुसंधान, प्रसंस्करण एवं विपणन गतिविधियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय मखाना अनुसंधान केंद्र सहित विभिन्न मखाना प्रसंस्करण इकाइयों का स्थलीय निरीक्षण किया।



राष्ट्रीय मखाना अनुसंधान केंद्र में सचिव ने मखाना की खेती, उत्पादन तकनीक, अनुसंधान एवं प्रसंस्करण की जानकारी ली। उन्होंने मखाना उत्पादक किसानों से संवाद कर उत्पादन की चुनौतियों, उत्पाद की गुणवत्ता, बाजार एवं विपणन से जुड़ी समस्याओं और अपेक्षाओं को जाना। साथ ही मखाना बोर्ड की गतिविधियों एवं जिले में उसके क्रियान्वयन की स्थिति की जानकारी ली।

केंद्र परिसर में उद्यमियों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण कर उन्होंने मखाना आधारित विभिन्न उत्पादों, उनकी गुणवत्ता एवं प्रसंस्करण तकनीक का अवलोकन किया।

इसके बाद सचिव ने बेला औद्योगिक क्षेत्र स्थित आध्या एग्रोटेक लिमिटेड तथा दोनार औद्योगिक क्षेत्र स्थित सी फूड प्राइवेट लिमिटेड की मखाना प्रसंस्करण इकाइयों का निरीक्षण किया।

उन्होंने कच्चे मखाना से तैयार उत्पाद बनाने की प्रक्रिया, उत्पादन क्षमता, आधुनिक तकनीक एवं इकाइयों के संचालन की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान डीएम कौशल कुमार, उप विकास आयुक्त स्वप्निल, निदेशक खाद्य प्रसंस्करण प्रद्युम्न सिंह यादव, जिला उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक सुरुचि कुमारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

एस. के. मंडल मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल का भव्य उद्घाटन,आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से होगा लाभ

समस्तीपुर (आससे)। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक नई शुरुआत करते हुए एस. के. मंडल मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल का उद्घाटन एस. के. मंडल फाउण्डेशन के अध्यक्ष एस. के. मंडल एवं सचिव श्रीमती मोनी रानी के कर कमलों द्वारा किया गया।

इस अस्पताल की शुरुआत से समस्तीपुर और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। अस्पताल का मुख्य उद्देश्य केवल मरीजों का इलाज करना नहीं, बल्कि समाज को स्वस्थ बनाना और हर व्यक्ति तक बेहतर चिकित्सा सुविधा पहुंचाना है।

अस्पताल में अनुभवी चिकित्सकों, प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ और अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों के माध्यम से मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर अध्यक्ष एस. के. मंडल ने कहा कि हमारा उद्देश्य चिकित्सा को केवल व्यवसाय तक सीमित रखना नहीं,बल्कि इसे सेवा और समर्पण का माध्यम बनाना है। हम चाहते हैं कि आर्थिक स्थिति के कारण किसी भी व्यक्ति को बेहतर इलाज से वंचित न रहना पड़े। मरीजों को उचित दर पर गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है।



सचिव श्रीमती मोनी रानी ने कहा स्वास्थ्य प्रत्येक व्यक्ति की मूलभूत आवश्यकता है। हमारा प्रयास हैं कि मरीजों को एक ही परिसर में बेहतर जांच, विशेषज्ञ चिकित्सकों की सलाह और आधुनिक उपचार की सुविधाएं मिलें। अस्पताल मरीजों और उनके परिजनों के लिए विश्वास का केंद्र बने, यही हमारी कामना है। अस्पताल में जनरल मेडिसिन, सर्जरी, स्त्री एवं प्रसूति रोग, बाल रोग, हड् ?डी रोग,लैप्रोस्कोपी, हृदय रोग, यूरोलॉजी और एनेस्थीसिया सहित विभिन्न चिकित्सा विभागों की सुविधा उपलब्ध है।

महिलाओं, नवजात शिशुओं और बच्चों की देखभाल के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है। अस्पताल में एमआरआई, सीटी स्कैन, एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड एवं पैथोलॉजी जांच जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध है।

समस्तीपुर में राज्य स्तरीय बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता का आगाज

समस्तीपुर(आससे)। खेल विभाग, बिहार सरकार बिहार राज्य खेल प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन, समस्तीपुर के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को शहर स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय. समस्तीपुर के खेल मैदान में छह दिवसीय राज्य स्तरीय अंतर प्रमंडलीय विद्यालय बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 आयु वर्ग की बालिका खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। प्रतियोगिता के पहले दिन अंडर-14 बालिका वर्ग के मुकाबले खेले गए। उद्घाटन समारोह में जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा, सदर अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार, एनडीसी रजनीश कुमार राय, ओएसडी अलीएकराम, डीसीओ अनिल कुमार, प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार तथा जिला खेल पदाधिकारी विवेक कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। खेल से अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने, अपनी प्रतिभा का श्रेष्ठ प्रदर्शन करने तथा जीत-हार से ऊपर उठकर खेल के वास्तविक उद्देश्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

डाटा एंट्री ऑपरेटरों को राज्यकर्मी का दर्जा देने की मांग, निकाला रोड मार्च

मुख्यमंत्री के नाम डीएम को सौंपा ज्ञापन, मांग पूरी नहीं होने पर चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी


दरभंगा (आससे)। बिहार राज्य डाटा एंट्री ऑपरेटर संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर रविवार को जिला इकाई की ओर से डाटा एंट्री ऑपरेटरों, प्रोग्रामरों, स्टेनोग्राफरों एवं आईटी कर्मियों ने राज्यकर्मी का दर्जा देने की मांग को लेकर रोड मार्च निकाला। जिलाध्यक्ष जय प्रकाश मेहता एवं सचिव सुनील कुमार के नेतृत्व में निकला मार्च पोलो मैदान धरनास्थल से समाहरणालय होते हुए लहेरियासराय टावर और लोहिया चौक तक पहुंचा। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि बेल्ट्रॉन के माध्यम से राज्य के विभिन्न सरकारी कार्यालयों में करीब 20 हजार कर्मी पिछले 25 वर्षों से सेवाएं दे रहे हैं। ये कर्मी नियमित रूप से टंकण, लिपिकीय एवं आईटी संबंधी कार्यों का निष्पादन कर रहे हैं। दक्षता परीक्षा एवं बिपार्ड से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बावजूद इन्हें राज्यकर्मी का दर्जा नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि कर्मियों को राज्यकर्मी का दर्जा देने के साथ सूचना प्रावैधिकी विभाग को नोडल विभाग घोषित किया जाए। रोड मार्च के बाद मुख्यमंत्री एवं सूचना प्रावैधिकी मंत्री के नाम ज्ञापन डीएम को सौंपा गया। सचिव सुनील कुमार ने मांग पूरी नहीं होने पर महाधरना, काला बिल्ला एवं हड़ताल सहित चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी दी। इस अवसर पर संयुक्त मोर्चा के सचिव सुनील कुमार मेहता, जिलाध्यक्ष जय प्रकाश मेहता मीडिया प्रभारी मनीष आनंद, अजय कुमार यादव, वृन्द कुमार झा, रेशाद अहमद कादरी, संतोष कुमार देव, चंद्रशेखर कुमार, खगेंद्र यादव, मृत्युंजय कुमार पूर्वे, विशाल कुमार, सुरेश कुमार शर्मा, अरविंद कुमार, बमबम कुमार, राजेश कुमार, अशोक कुमार, प्रवीण राज, पिंकू कुमार, रंजीत कुमार ठाकुर, रोहित कुमार सिंह, दयाशंकर प्रसाद, गुड्डू कुमार पासवान, अभय कुमार, सुनील कुमार सिंह , जय जय राम कुमार ठाकुर, अतुल कुमार शर्मा, दीपक कुमार, दशरथ कुमार यादव, मनोज कुमार यादव सहित अधिक संख्या में कर्मी उपस्थित थे।



सरदार पटेल की 151वीं जयंती एकता दिवस के रूप में मनी

'रन फॉर यूनिटी' सहित कई कार्यक्रम आयोजित

जयनगर (मधुबनी) (संसू)। जिले के जयनगर मे लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर 48 वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल (एस एस बी), जयनगर के वाहिनी मुख्यालय एवं अधीनस्थ समवायों में राष्ट्रीय एकता दिवस पूरे उत्साह और राष्ट्रभक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई गई और राष्ट्रीय एकता दिवस हर वर्ष सरदार पटेल की जयंती के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम की शुरुआत में उपस्थित अधिकारियों, कर्मियों एवं अन्य प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई गई। शपथ में सभी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने तथा इसका संदेश देशवासियों तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इसके बाद 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया गया, जिसमें एसएसबी के जवान, अधिकारी और स्थानीय प्रतिभागीयों नेता उत्साहपूर्वक शामिल हुए। एकता का संदेश फैलाने के लिए वॉकाथॉन, साइक्लोथॉन एवं बाइक रैली भी निकाली गई और कार्यक्रमों के दौरान प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता और आपसी भाईचारे को सुदृढ़ करने का संकल्प व्यक्त किया है। इस अवसर पर 48 वीं वाहिनी के



कमांडेंट राजेंद्र कुमार ने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन, योगदान और राष्ट्रीय एकीकरण में उनकी अमूल्य भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने देश की एकता की नींव रखी और उनका संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उन्होंने सभी से जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्र के भेदभाव से ऊपर उठकर 'हम सब भारतीय हैं' की भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

सरदार पटेल का प्रसिद्ध विचार भी उद्धृत किया गया कि卐एकता के लिए हमें जाति और धर्म के भेद भूलकर यह याद रखना होगा कि हम सब भारतीय हैं और सब समान हैं।卐 आगे कमांडेंट ने कहा कि भारत की विविधता ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है और इसे बनाए रखना हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने एसएसबी कर्मियों से सीमा सुरक्षा के साथ- साथ राष्ट्रीय एकता और आंतरिक सुरक्षा के प्रति भी सतत प्रतिबद्धता बनाए रखने को कहा। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मियों ने सरदार पटेल के आदर्शों को जीवन में उतारने और देश की एकता-अखंडता की रक्षा करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर आयोजित गतिविधियों ने जयनगर में एकता, अखंडता और राष्ट्रप्रेम का संदेश प्रभावी ढंग से फैलाया गया है।

अवैध शराब के खिलाफ चापर के ग्रामीणों ने खोला मोर्चा, डीएम को सौंपा ज्ञापन

मोहिउद्दीननगर (समस्तीपुर) (आससे)। समाजसेवियों एवं बुद्धिजीवियों के पहल पर अब शराब निर्माण व बिक्री बंद होगा। यह पहल हरैल पंचायत के चापर गांव से शुरू हुआ है। अवैध शराब के निर्माण व बिक्री के खिलाफ अभियान अब जिलाधिकारी समस्तीपुर के पास पहुंच गया है। अब जिलाधिकारी के निर्देश पर अविलंब कार्रवाई की उम्मीद जगी है। शनिवार को 22 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने समाहरणालय में डीएम सह मद्य निषेध विभाग के अधीक्षक से मिलकर ज्ञापन सौंपा है। आवेदन पर 30 लोगों के हस्ताक्षर थे। लिखित ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने अवैध शराब के निर्माण और बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाने तथा इस धंधे में शामिल लोगों की जांच कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

पुलिस काररवाई में गांजा व स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

मधुबनी (संसू)। जिले के फुलपरास अनुमंडल क्षेत्र में मादक पदार्थ के खिलाफ चलाए गए अभियान में मादक पदार्थों के कारोबार मे संलिप्त दो कारोबारी को पकड़ने मे नरहिया थाना पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने 50 ग्राम गांजा और 2.5 ग्राम स्मैक के साथ दोनों युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस कार्वाई मे एक छोटा इलेक्ट्रॉनिक तराजू और प्लास्टिक का डिब्बा भी पुलिस ने जब्त किया है। पुलिस थाना पुलिस ने बताया है कि 30 अक्टूबर को नरहिया थाना की गस्ती टीम को गुप्त सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के भपटियाही गांव स्थित दुर्गा मंदिर के पास बने सरकारी यात्री शेड के नीचे कुछ लोग स्मैक और गांजा का सेवन कर रहे हैं। प्राप्त सूचना के बाद वरीय पुलिस अधीक्षक योगेन्द्र कुमार को अवगत कराया गया। वरिय पदाधिकारी के निर्देश पर गस्ती टीम प्राप्त सूचना के सत्यापन व कार्रवाई के लिए मौके पर पहुंची। तो पुलिस टीम ने दो युवकों को यात्री शेड के नीचे नशा का सेबन करते देखा। पुलिस को देखते ही दोनों भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया, उनके सामने जमीन पर रखे पदार्थ की पुलिस द्वारा जांच करने पर मादक पदार्थ होने का संदेह हुआ। पूछताछ में गिरफ्तार युवकों ने अपना पहचान कौशल कुमार, पिता विजय साह, गांव पकड़िया, थाना फुलपरास, संजीव कुमार, पिता राजकुमार यादव, गांव गिट्टा, थाना घोघरडीहा, जिला मधुबनी के रूप मे बताया। पुलिस ने विधिवत तलाशी के बाद मौके से 50 ग्राम गांजा, 2.5 ग्राम स्मैक, एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू और प्लास्टिक का डिब्बा जब्त किया है। जब्त सामानों एवं गिरफ्तार किए गए दोनो नशे के सौदागर को थाना लाया गया। जहां मामले को लेकर नरहिया थाना कांड संख्या 121/26, दिनांक 30 अक्टूबर 2026 एनडीपीएस एक्ट की धारा 8(सी), 20(बी), 21(बी), 22(ए) एवं 27(ए) के अंतर्गत मामला दर्ज करते हुए आवस्यक पूछताछ व कार्रवाई की जा रही है। इस बाबत थाना पुलिस ने बताया है कि मादक पदार्थों की बिक्री और सेवन में शामिल लोगों के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी। बता दें कि जिले में पुलिस द्वारा लगातार एनडीपीएस एक्ट के तहत् बड़ी संख्या में गिरफ्तारियां और गांजा- ब्राउन शुगर जब्ती की जा रही है। पुलिस द्वारा जिले भर मे नशा तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार तेजी के साथ जारी है। तो वहीं, नरहिया थानाध्यक्ष निर्लेश कुमार सिंह ने बताया है कि गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों अभियुक्तों को मादक पदार्थ एवं कार्रवाई मे प्रयुक्त सामनो के साथ गिरफ्तार किया गया है। थाना क्षेत्र मे मादक पदार्थ के कारोबार और सेवन को लेकर पुलिस कड़ाई से कार्रवाई कर रही है। ऐसे तत्वों के विरुद्ध पुलिस निरंतर गस्ती तथा सतर्कता वरत रही है।